हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दे रहा है। नई दिल्ली में सदैव अटल स्थित अटल बिहारी वाजपेई की समाधि पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल पर पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान -एसएसएलवी-डी3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह यान 175 किलोग्राम वजन के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह- ईओएस-जीरो-आठ और एक अन्य छोटे उपग्रह एस आर-जीरो के साथ रवाना हुआ। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पृथ्वी की निचली कक्षा में 500 किलोग्राम तक के उपग्रह ले जाने के लिए इस प्रक्षेपण यान का विकास किया है। यह यान 34 मीटर लंबा और लगभग 119 टन वजन का है। इस पर लगभग 56 करोड़ रूपए की लागत आई है। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार इस प्रक्षेपण यान विकास परियोजना से भारतीय उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड द्वारा उपग्रह प्रक्षेपण में मदद मिलेगी।

निर्वाचन आयोग आज दोपहर राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। उम्मीद है कि आयोग जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र और झारखंड में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। निर्वाचन आयोग की

टीम ने हाल ही में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी की समीक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर और हरियाणा का दौरा किया था।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अज्ज चं□ीगढ़ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और कहा की हरियाणा सरकार हमेसा उनके पदचिन्हो पर चलेगी। मुख्यमंत्री ने दिनों वर्षा होने के कारण किसानो ज़्यादा होने पर उन्हेंप्रति एकड़ बोनस देने की घोषणा की थी जिसकी पहली क़िस्त जारी की गया 5 लाख २० हज़ार किसानो में 525 करोड़ की क़िस्त उन किसानो के खतों में अगले 2 दिन में पहुँच जाएगी जिसका रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर होगा उन्होंने दूध विक्रेताओं करते हुए कहा कि दूध विक्रेताओं का भीमा किया जायेगा 3500 दूध सहकारी समितियों से जुड़े दूध उत्पादकों को 15 करोड़ के लगभग सब्सि□ी DBT के माध्यम से पहुंचाई जाएगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कर्नल में आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव के दौरान 30000 पौधे लगाए आज वन महोत्सव के उपलक्ष्य में राज्यभर में 51 लाख पौधे लहये जायेंगे ।मुख्यमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम कार्यकर्म का हर जिले में सफल आयोजन करने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी उन्होंने बताया कि हरियाणा में अभी तक 1 करोड़ 60 लाख पौधे लगाए जा चुके है ।हरियाणा सरकार ने प्रदेश में ऑक्सी वन लगाने का भी निर्णय लिया है इसके अलावा पौधे की रक्षा के लिए हर वन मिलकर 20 पौधे लगाएंगे।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप- 56 और 57 के पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 17 व 18 अगस्त को किया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थियों के लिए हरियाणा रो□वेज की बसों में यात्रा करने की सुविधा मुफ्त होगी। आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा कि परीक्षा के लिए 6 जिलों पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल व पानीपत में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। लगभग 45 हजार अभ्यर्थी यह परीक्षा देंगे।